




नवभारत
भोपाल, बुधवार ,17 दिसंबर, 2025


### एक नजर में



## जिला जेल के 174 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

**सीहोर.** जेल परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया .बंदियों का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया. शिविर में 174 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. शिविर के माध्यम से बंदियों को जांच एवं उपचार उपलब्ध कराते हुए उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया. स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उपस्थित रही. कुल 174 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. सिविल सर्जन डॉ. यूके श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय की टीम के अलावा जेल अधीक्षक सुश्री प्रतिभा पटेल, उप अधीक्षक अक्षय कुमार सिंहोत्तके, जेल चिकित्सक दिशा चौहान मौजूद थे.



## संबल योजना के हितग्राहियों को प्रदान की सहायता राशि

**आष्टा.** नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि प्रदेश सहित हमारे नगर के 4 संबल कार्ड पात्रधारक हितग्राहियों को 2-2 लाख रुपए की सहायता अनुग्रह राशि योजना के तहत प्राप्त हुई है .भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, नेता प्रतिपक्ष डॉ. राजकुमार मालवीय, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, सुभाष नामदेव, शेख रईस, अरशद अली, मेहमूद अंसारी, अतीक कुरैशी सहित हितग्राहीगण आदि उपस्थित थे.



## पीएचसी सिद्दीकगंज व मैना को मिला गुणवत्ता मानक प्रमाणन

**आष्टा.** जिले के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिद्दीकगंज एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मैना ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मानक प्रमाणन प्राप्त किया है. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिद्दीकगंज ने 84 .6 प्रतिशत तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मैना ने 85 .4 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं. सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन में एनक्वास की मानक तैयारियां जिला गुणवत्ता प्रबंधक डॉ. हर्षा एवं श्रीमती संजुलता भार्गव द्वारा की गईं थी.



## बच्चों को कथा सुनने से मिलते संस्कार : विधायक

**सीहोर.** मंगलवार को विधायक सुदेश राय ने शिव शक्ति सांस्कृतिक मंडल के द्वारा सिंधी कॉलोनी मैदान पर आयोजित श्रीमद भागवत कथा आयोजन में पहुंचकर कथा का श्रवण किया. विधायक राय ने कथा वाचक सुश्री प्रज्ञा विष्णु प्रिया को पुष्प शॉलश्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया. मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा और महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति सोनी ने विधायक सुदेश राय की अगवानी की. विधायक सुदेश राय ने कहा कि माता बहनों बुजुर्गों को कथा का श्रवण कराने के लिए बच्चों को भी लेकर आना चाहिए. श्रीमद भागवत कथा बच्चों को चरणस्पर्श और नमस्कार के संस्कार देती है.



## आंगनबाड़ी में बालिका को कराया अन्नप्राशन

**सीहोर.** मंगलवार को ग्राम भैंसा खेड़ी में मंगल दिवस के उपरांत अन्य प्रासन्न का आयोजन किया गया. इस अवसर पर 6 माह की बालिका को हलवा खिलाकर अन्नप्राशन किया. उनकी मां को पर्यवेक्षक गुलनाज जहां द्वारा निर्देश दिए कि बच्चों को हमेशा हाथ धोकर ही भोजन कराना चाहिए. उबली दाल, मसले हुए फल, चावल, दाल में रोटी मेंस कर खिलाना चाहिए. ऊपरी आहार के साथ-साथ ही मां का दूध भी बच्चे को 2 साल तक पिलाना चाहिए. आयोजन में महिलाएं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेमलता मेवाड़ा, सहायिका ओमवती जांगड़े आशा कार्यकर्ता गेंद कुंवर आदि उपस्थित रहे.

## जनसुनवाई में आए नागरिकों की कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं

**सीहोर.** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाईमें कलेक्टर बालागुरू के. एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जिलेभर से आए 57 आवेदकों ने समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए .जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए.

# विद्यालयों में नहीं बंटी किताबें कबाड़े में पड़ीं

### दशहरा मैदान के पास सामुदायिक भवन में लावारिस पड़े इसी सत्र की एनसीईआरटी की किताबों के बंडल

- जिम्मेदारों का कहना अतिरिक्त किताबें रखी हैं
- आनन- फानन में किताबों को वहां से उठा ले गए कर्मचारी

नवभारत न्यूज

**बुधनी 16 दिसंबर. शिक्षण सत्र अंतिम दौर में चल रहा है, लेकिन अब तक कई स्कूलों में किताबों का वितरण नहीं हो सका. यह हम नहीं दशहरा मैदान के समीप सामुदायिक भवन के एक कमरे में लावारिस पड़े पुस्तकों का जखीर खुद बयां कर रहा है. हालांकि विभाग के जिम्मेदारों का कहना है कि यह पुस्तकें अतिरिक्त हैं. सभी स्कूलों में पुस्तकों का वितरण पूर्व में ही किया जा चुका है, लेकिन इन्हें लावारिस क्यों रखा गया है. इसका जवाब किसी जवाबदेह के पास नहीं था.**

बच्चों की पढ़ाई अच्छी हो इसलिए इस बार स्कूल खुलने से पहले ही सरकारी स्कूलों में बच्चों को बांटने के लिए पुस्तकें भेज दी थीं. इन पुस्तकों को जिला स्तर से सभी बीआरसी स्तर भी भेज दिया गया था, लेकिन जिम्मेदारों ने अपनी जवाबदेही नहीं समझी. शिक्षा विभाग की ऐसी ही गंभीर लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. नगर के दशहरा मैदान स्थित सामुदायिक भवन में वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 की एनसीईआरटी की कक्षा 11वीं व 12वीं की पाठ्यपुस्तकें खुले में लावारिस हालत में पाई गईं. बड़ी संख्या में पड़ी इन किताबों पर धूल जम चुकी है और वे कचरे जैसी स्थिति में नजर आ रही हैं. जिससे शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं.



**बुधनी.** स्कूलों में बच्चों को वितरित की जाने वाली पुस्तकों के बंडल सामुदायिक केन्द्र में लावारिस अवस्था में पड़े थे.

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पुस्तकें विद्यार्थियों को वितरित किए जाने के उद्देश्य से यहां रखी गई थीं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के चलते न तो इन्हें सुरक्षित स्थान पर रखा गया और न ही समय पर वितरण किया गया. नतीजतन बहुमूल्य शैक्षणिक सामग्री खुले में खराब होती रही.

यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियानों के माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं. इसके विपरीत, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राएं आज भी पुस्तकों के अभाव में पढ़ाई करने को मजबूर हैं. अब देखना है कि इन पर क्या कार्रवाई होती है.

### लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नगर अध्यक्ष अभिषेक बरबे ने शिक्षा विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विभागीय लापरवाही से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है .एक ओर जहां कई विद्यालयों में विद्यार्थियों को किताबें उपलब्ध नहीं हैं, वहीं दूसरी ओर सरकारी किताबें खुले में पड़ी बर्बाद हो रही हैं .यह न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था के प्रति घोर उदासीनता को भी दर्शाता है. उन्होंने शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने एवं पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है. उनकाकहना है कि यह स्पष्ट किया जाए कि पुस्तकों की सुरक्षा और वितरण की जिम्मेदारी किस अधिकारी की थी.

### कमरे में तालाबंद कर रखी थीं किताबें

बुधनी विकासखंड में एनसीईआरटी की किताबों का वितरण किया जा चुका था तथा उसके बाद बची अतिरिक्त किताबें ताले में बंद कर व्यवस्थित रूप से रखी गई थीं. कमरे का ताला कैसे टूटा, इसकी जानकारी विभाग को नहीं थी. मीडिया के माध्यम से मामला संज्ञान में आने के बाद सभी किताबें मंगवाकर कार्यालय में सुरक्षित रखवाई जा रही हैं.

**शशि सिंह,**
ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

### जुलाई में कलेक्टर ने जारी किए थे चेतावनी पत्र

जिले के सरकारी स्कूलों में पुस्तकों के वितरण की स्थिति को कलेक्टर बालागुरू के ने भी संतोषजनक नहीं माना था. उन्होंने सभी जिम्मेदारों को अंतिम चेतावनी पत्र देकर 25 जुलाई से पहले किताबों के वितरण के निर्देश देते हुए इसका प्रमाणीकरण भी कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा गया था, लेकिन कलेक्टर के निर्देशों पर भी जिम्मेदारों ने अमल करना जरूरी नहीं समझा.

## आरएएफ ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च



**आष्टा.** आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) द्वारा कानून-व्यवस्था की दृष्टि से एरिया डोमिनेशन एवं फ्लैग मार्च किया गया. आरएएफ द्वारा जावर एवं आष्टा क्षेत्रों में भ्रमण किया गया. इस दौरान साम्प्रदायिक चुनौती वाले क्षेत्रों, कानून-व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों, एवं अपराध-संभावित स्थानों का निरीक्षण कर क्षेत्र के संबंध में आवश्यक जानकारी एकत्रित की गई. जिला पुलिस बल के साथ समन्वय स्थापित करते हुए एरिया डोमिनेशन एवं फ्लैग मार्च निकाला गया, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हो सके. साथ ही आपातकालीन स्थिति में आरएएफ द्वारा कार्ययोजना तैयार करने की दृष्टि से भी यह भ्रमण किया गया. एसडीएम की उपस्थिति में थाना आष्टा, थाना पार्वती एवं थाना जावर के बल के साथ आरएएफ कंपनी द्वारा क्षेत्र के संवेदनशील एवं व्यस्त मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला गया. अस्पताल चौराहा, खत्री मार्केट, राम मंदिर, गंज चौराहा, सिकंदर बाज़ार, बड़ा बाजार, पुराना बस स्टैंड होते हुए भ्रमण किया गया. जावर क्षेत्र में भी आरएएफ कंपनी एवं स्थानीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया.

## लोहे के पोल व पाइप चुराने के आरोपी धराए

नवभारत न्यूज

**शाहगंज 16 दिसंबर.** पुलिस द्वारा बिजली कंपनी की चोरी गई लोहे की पोल, पाइप सहित लगभग 90 हजार रुपए के माल सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है.

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला तथा एएसपी सुनीता रावत के निर्देशन तथा एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दिनेश चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बड़ी सफलता प्राप्त की गई है. गौरतलब है कि सोमवार को फरियादी द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम पिपलिया रोड से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बिजली के लोहे के पोल एवं लोहे की रॉड चोरी कर ली गई है. रिपोर्ट पर तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी सत्यनारायण सोनी उर्फ सतीश सोनी और अकबर कुरैशी को गिरफ्तार किया गया. आरोपियों से पूछताछ करने पर उन्होंने चोरी किया गया माल टेंपो वाहन में छुपाकर रखना बताया. आरोपियों से लोहे के पोल के टुकड़ों के अलावा वारदात में प्रयुक्त टेंपो भी जब्त करते हुए पूछताछ शुरू कर दी है.



## अरोरा ने व्यास पीठ का किया पूजन

**श्यामपुर.** नगर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने श्रद्धालुओं के साथ बैठकर कथा का श्रवण किया तो वहीं वे भक्ति में लीन होकर भजनों पर थिरकते भी नजर आए. इस दौरान श्री अरोरा ने व्यास पीठ पर विराजमान प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित गोविंद जाने का सम्मान किया तो वहीं व्यास पीठ की पूजा अर्चना की. श्री अरोरा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के सुनने से ही व्यक्ति के पाप नष्ट हो जाते हैं. सनातन धर्म ही दुनिया का सबसे श्रेष्ठ धर्म है. धर्म की रक्षा के लिए ऐसे आयोजनों का होना जरूरी है.

# विवाद में दो युवकों पर तलवार से हमला

- दोनों घायल युवकों को भोपाल रेफर किया, हमलावर अज्ञात
- ढाबे पर देर रात हुए विवाद में मारी थी चार लोगों ने तलवार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 16 दिसंबर.** बीती देर रात मंडी थाना क्षेत्र के सोया चौपाल के समीप एक ढाबे के पास चार अज्ञात लोगों द्वारा विवाद के चलते दो युवकों पर तलवार से हमला करते हुए उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया. युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है.

मंडी पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय डोहर मोहल्ला निवासी 26 वर्षीय पवन दोहरे आ. दीवान सिंह अपने दोस्त 30 वर्षीय विनोद पिता सोहनलाल खुराना के साथ सोया चौपाल के समीप एक ढाबे पर खाना खाने गया था. बताया जाता है कि देर रात लगभग 12. 30 बजे ढाबे पर मौजूद चार युवकों के साथ उनका विवाद हो गया. विवाद इतना अधिक बढ़ गया कि आरोपियों ने तलवार से उन दोनों पर प्राणघातक हमला कर दिया. इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच बचाव करते हुए पुलिस को सूचना दी, लेकिन तब तक आरोपी वहां से फरार हो गए थे. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायल पवन और विनोद को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा, लेकिन अधिक चोटें आने पर उन्हें



भोपाल रेफर किया गया है. मंडी पुलिस ने फरार आरोपियों के खिलाफ धारा 296,118(1), 351(3),3(5) 109 का दर्ज करते हुए तलाश प्रारंभ कर दी है. पुलिस की मानें तो आरोपियों को शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा.

# वर्धमान कंपनी की कॉलोनी में 4 मकानों के ताले टूटे

- अतिसुरक्षित क्षेत्र में चोरी की वारदात से सनसनी
- पुलिस ने फिंगर एक्सपर्ट और डॉग स्क्वाड भी बुलाया

नवभारत न्यूज

**बुधनी 16 दिसंबर.** थाना क्षेत्र अंतर्गत वर्धमान फेब्रिक्स की वर्कर कॉलोनी में बीती रात चोरी की वारदात घटित होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी.

बुधनी थाना क्षेत्र में बीती रात हुई चोरी की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत सक्रिय हुई और जांच



में जुट गई. पुलिस द्वारा मौके पर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं, वहीं फिंगर प्रिंट और डॉग स्क्वाड को भी बुलाया गया है. जानकारी के अनुसार, बुधनी के नजदीक स्थित हाई प्रोफाइल वर्धमान फेब्रिक्स परिसर, जो कि सीसीटीवी कैमरों से लैस है और जहां चारों ओर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहती है, वहां चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं. कुछ माह पूर्व वर्धमान फेब्रिक्स की ऑफिसर कालोनी में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया था. इसी सुरक्षित क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाएं सामने आना बड़ी बात है. वर्कर कालोनी में जहां चोरों ने चार मकानों के ताले तोड़ दिए. चोरी के दौरान आसपास रहने वाले लोगों को आहट सुनाई दी, जिसके बाद शोर-शराबा हुआ. हालांकि चोर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी. इस संबंध में एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि वर्कर कॉलोनी में चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची. फिंगर प्रिंट और डॉग स्क्वायड टीम की मदद से जांच की जा रही है तथा आरोपियों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है.

## लापरवाह कर्मचारियों को लगाई फटकार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 16 दिसम्बर.** जिले में संचालित विभिन्न विभागों की रोजगारोन्मुखी योजनाओं की कलेक्टर बालागुरू के.द्वारा समीक्षा की गई.

समीक्षा के दौरान जिन विभागों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, उन पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जमकर फटकार लगाई. कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी. उन्होंने अधिकारियों को कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने तथा प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी रोजगार योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक समयसीमा में सुनिश्चित किया जाए. स्व-सहायता समूहों एवं अंत व्यवसायियों को स्वरोजगार से जोड़ने, उद्योग विभाग की योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने तथा मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन गतिविधियों को बढ़ावा देने पर बल दिया गया.

कलेक्टर ने कहा कि रोजगार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी तथा लोगों को आजीविका के अवसर प्राप्त होंगे. बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए. बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

**विचार गोष्ठी** — पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में हुआ विचार गोष्ठी का आयोजन

# आधुनिक भाषा सिखाती व्यवसाय, संस्कृत भाषा से सीखते व्यवहार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 16 दिसंबर.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, चन्द्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में आधुनिक संदर्भ में संस्कृत वाङ्मय की प्रासंगिकता विषय पर विचार गोष्ठी एवं अनुबंध प्रस्ताव का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक सस्वर वेदपाठ के साथ हुआ, जिसमें पुरुष सूक्त का विधिवत् वाचन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के संस्कृत विभाग एवं गौतीर्थ सद्गुरु विद्यापीठ, बिजोरी तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. इस अवसर पर संस्कृत भाषा, दर्शन, अध्यात्म एवं आधुनिक जीवन के परिप्रेक्ष्य में संस्कृत वाङ्मय की प्रासंगिकता पर विचार-विमर्श किया गया. इस दौरान प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के संस्कृत विभाग एवं गौतीर्थ सद्गुरु विद्यापीठ के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए.

इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य दोनों संस्थानों के सहयोग से संस्कृत भाषा एवं संस्कृत वाङ्मय के विकास, संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार को सशक्त बनाना है. समझौते के अंतर्गत आधुनिकता एवं समकालीन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए संस्कृत शिक्षा, शोध, संगोष्ठी, कार्यशाला, व्याख्यान श्रृंखला तथा भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक संदर्भों से जोड़ने हेतु संयुक्त प्रयास किए जाएंगे, जिससे छात्रों एवं शोधार्थियों को अकादमिक एवं व्यावहारिक लाभ प्राप्त हो सके.

स्वागत भाषण में प्राचार्य ने कहा मैं कौन हूं, मेरा मूल स्वरूप क्या है, मेरा जन्म और मरण क्यों होता है तथा जीवन की विभिन्न अवस्थाओं का रहस्य क्या है इन सभी प्रश्नों के उत्तर संस्कृत वाङ्मय में निहित हैं. गोष्ठी को संबोधित करते हुए पं. नरेश तिवारी ने कहा आधुनिक भाषाएं हमें व्यवसाय सिखा सकती हैं, किंतु संस्कृत भाषा हमें व्यवहार और जीवन-मूल्य सिखाती है. उन्होंने कहा कि संस्कृत कंप्यूटर एवं तकनीकी जगत के लिए



सर्वाधिक उपयोगी भाषा है तथा संस्कृत वाङ्मय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी समर्थन प्राप्त है.

विचार गोष्ठी व कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जितेन्द्र आर्य ने प्रस्तुत किया, जबकि मंच संचालन डॉ. सिद्धनाथ खजुरिया द्वारा किया गया. कार्यक्रम के अंत में आचार्यों एवं ब्रह्मचारियों द्वारा वैदिक शांति पाठ का सस्वर वाचन किया गया, जिसके साथ कार्यक्रम का समापन आध्यात्मिक शांति व सकारात्मक संकल्प के साथ हुआ.

## अहंकारी सत्ता पर सत्य की जीत : गुजराती

**सीहोर.** जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयान जारी करते हुए कहा कि मोदी सरकार की बदनीयत और गैरकानूनी तरीके से की गई कार्रवाई पूरी तरह से बेनकाब हो गई है. अदालत ने यंग इंडियन मामले में श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ इडी की कार्रवाई को अवैध और दुर्भावना से ग्रसित पाया है. अदालत ने फैसला दिया है कि इडी का मामला क्षेत्राधिकार से बाहर है, उसके पास कोई एफआईआर नहीं है जिसके बिना कोई मामला ही नहीं बनता. मोदी सरकार द्वारा पिछले एक दशक से मुख्य विपक्षी दल के खिलाफ, राजनैतिक प्रतिशोध और बदले की भावना से की जा रही यह कार्रवाई आज पूरे देश के सामने बेनकाब हो गई है.